**प्रेस नोट संख्या- 08**

**दिनांक 08.08.2025**

**सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस**

**मोबाइल झपटकर भागने वाले 02 अभियुक्तों को थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा छीने हुए मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ किया गया गिरफ्तार ।**

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 08.08.2025 को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज श्री अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों की तलाश व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 274/25 धारा 304(2) बीएनएस थाना गौरीगंज से संबंधित व प्रकाश में आये मोटरसाइकिल सवार 02 व्यक्तियों को रोक कर नाम पता पूछा गया तो चालक ने अपना नाम निखिल सोनी पुत्र छोटे लाल निवासी राघीपुर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र 20 वर्ष व पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम शेरू चौहान पुत्र उदयपाल चौहान निवासी ग्राम पूरे वरवन थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र 23 वर्ष बताया । तलाशी से शेरू चौहान के कब्जे से 01 अदद सैमसंग मोबाइल नीला रंग बरामद हुआ । बरामद मोबाइल का IMEI जांचा गया तो ज्ञात हुआ कि उक्त मोबाइल मुकदमा उपरोक्त से संबंधित झपटमारी कर छीने हुए मोबाइल का IMEI है । मोटरसाइकिल पंजीकरण सं0 UP36U5350 के संबंध में निखिल ने बताया कि मोटरसाइकिल उसकी स्वयं की है । मोबाइल के संबंध में दोनों व्यक्तियों ने बताया कि दिनांक 01.08.2025 की रात्रि में स्टेशन चौराहे के पास जॉन डियर ट्रैक्टर एजेंसी के पास एक लड़के से झपट कर भाग गये थे यह वही मोबाइल है । दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी है । गिरफ्तारी व बरमादगी के संबंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–**

1. निखिल सोनी पुत्र छोटे लाल निवासी राघीपुर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र 20 वर्ष ।
2. शेरू चौहान पुत्र उदयपाल चौहान निवासी ग्राम पूरे वरवन थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र 23 वर्ष ।

**पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-**

- मु0अ0सं0 274/25 धारा 304(2), 317(2) बीएनएस थाना गौरीगंज जनपद अमेठी ।

**बरामदगी-**

1. झपट कर छीना हुआ 01 अदद सैमसंग मोबाइल ।
2. घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. श्री श्याम नारायण पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना गौरीगंज जनपद अमेठी ।
2. उ0नि0 राम करन सिंह थाना गौरीगंज जनपद अमेठी ।
3. का0 दीप चन्द्र थाना गौरीगंज जनपद अमेठी ।
4. का0 सुरेन्द्र कुमार सरोज थाना गौरीगंज जनपद अमेठी ।